## महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के संबंध में जनवरी, 2022 की मासिक सारांश रिपोर्ट

जनवरी 2022 माह के अंत तक महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा की गई महत्वपूर्ण गतिविधियां निम्नलिखित है :-

**1. दिनांक 24 जनवरी, 2022 को राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन :** आजादी का अमृत महोत्सव के एक भाग के रूप में, मंत्रालय ने बालिका के अधिकारों के बारे में जागरूकता को बढाने और लडकियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के महत्व के बारे में जागरूकता बढाने तथा समाज में उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए समाज में उनकी स्थिति को प्रोत्साहित करने के लिए देशभर में दिनांक 24 जनवरी, 2022 को राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया था देश में कोविड-19 की स्थिति को ध्यान में रखते हुए, समारोहो का आयोजन वरचुअल/आनलाइन तरीके से किया गया था । इस समारोह का विवरण निम्नलिखित है : -

i. प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) – सन् 2022 के प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) पुरस्कार प्राप्त करने वालों को सुविधा प्रदान करके उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों को मान्यता प्रदान करने के लिए वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया था । माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी ने पीएमआरबीपी 2022 के 29 विजेताओं के साथ वर्चुअल वार्ता की थी । इस वर्ष नवीकरण (7) समाज सेवा (4), विद्धता (1) खेल (8), कला एवं संस्कृति (6) और बहादुरी (3) श्रेणियों में उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए देश के सभी क्षेत्रों से चयनित किए गए 29 बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए थे । पीएमआरबीपी 2022 और 2021 के पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चों ने अपने माता-पिता और संबंधित जिलों के जिला मैजिस्ट्रेटों के साथ जिला मुख्यालय से इस कार्यक्रम में भाग लिया था । इस कार्यक्रम के दौरान, माननीय प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय ब्लाक चेन परियोजना के अंतर्गत आईआईटी कानपुर द्वारा विकसित की गई ब्लाक चेन संचालित प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए पीएमआरबीपी 2021 के 61 विजेताओं को डिजिटल सर्टिफिकेट प्रदान किया । पीएमआरबीपी 2022 के पुरस्कार प्राप्त करने वालों को 100000/- रूपये का नकद पुरस्कार दिया गया था जो कि माननीय प्रधानमंत्री द्वारा कार्यक्रम के दौरान विजेताओं के संबंधित खाते में आनलाइन हस्तांतरित कर दिया गया था ।

ii. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने यूएनआईसीईएफ के साथ मिलकर बालिका का त्योहार "कन्या महोत्सव" मनाया था । माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति जूबिन इरानी ने विभिन्न राज्यों से आने वाले किशोरों के साथ आनलाइन बातचीत की थी । इस बातचीत और डिजिटल अभियान ने "हर लडकी खास है अर्थात ऐवरी गर्ल इज स्पेशल (हर लडकी खास है ) पर बल दिया था ।

iii. विभिन्न मंत्रालयों अर्थात शिक्षा मंत्रालय, कौशल विकास, युवा मामले और खेल, वाणिज्य और उद्योग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालयों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, विवाह, सशक्तीकरण, लैंगिक समानता आदि के क्षेत्रों में बालिका को सशक्त बनाने में अपने-अपने मंत्रालयों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालने के लिए कई आनलाइन सीधा प्रसारण कार्यक्रमों का आयोजन भी किया था । इसके अतिरिक्त, डीपीआईआईटी और विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रियों ने नवीन कार्य करने वाली छोटी-छोटी लडकियों से बातचीत की थी और उन्हें अपने विचारों में विश्वास करने के साथ अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रोत्साहित किया ।

iv. राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू), निपसिड, और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) द्वारा क्रमशः "बेटी बचाओ ; किशोरियों की व्यापक आवश्यकताओं पर ध्यान देते हुए "लडकियां जहां खुशियां वहां" और "बेटी के कानूनी अधिकार" विषयों पर वेबीनारों का आयोजन किया गया था ।

**2. अंतर्राष्ट्रीय सामूहिक नरसंहार स्मरण दिवस :** माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ने सामूहिक नरसंहार की दुखद घटना को याद करने और इसके पीडितों को श्रद्धांजली देने के लिए दिनांक 31 जनवरी, 2022 को नई दिल्ली में

यूएनएचओयूएसई में जर्मनी और संयुक्त राष्ट्र संघ के सहयोग से इजरायल दूतावास द्वारा आयोजित किए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय नरसहार स्मरण दिवस पर वार्षिक समारोह में भाषण दिया था ।

**3. राष्ट्रीय महिला आयोग का 30वां स्थापना दिवस कार्यक्रम –** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने दिनांक 31.01.2022 को आयोजित राष्ट्रीय महिला आयोग के 30वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में भाषण दिया था । इस कार्यक्रम के विषय "वह परिवर्तन करने वाली" का लक्ष्य विभिन्न क्षेत्रों में हासिल की जाने वाली महिलाओं की उपलब्धियों को समारोह के रूप में मनाना था । माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति जूबिन इरानी, महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मुँजपारा महेन्द्रभाई तथा श्रीमती दर्शना जरदोश ने इस कार्यक्रम की शोभा बढाई ।

**4. सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा अन्य बैठकों/सम्मेलनों/कार्यशालाओं में भागीदारी**

4.1 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ लैंगिक सूची समन्वय समिति की पहली बैठक और प्रमुख मंत्रालयों/विभागों के साथ लैंगिक सूची समन्वय समिति की पांचवी बैठक का आयोजन दिनांक 05.01.2022 को किया गया था ।

4.2 महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की स्कीमों पर चर्चा हेतु दिनांक 08.01.2022 को माननीय प्रधानमंत्री के सलाहकार की अध्यक्षता में बैठक में भाग लिया ।

4.3 सरकारी स्कीमों को पूरा करने के लिए केपीआई और जिलों को अंतिम रूप देने हेतु दिनांक 18.01.2022 को श्री अमिताभ कान्त, सीईओ, नीति आयोग की अध्यक्षता में बैठक में भाग लिया ।

4.4 चावल पौष्टिकता स्कीम की प्रगति और अन्य संबंधित मामलों में आने वाली चुनौतियों की समीक्षा हेतु दिनांक 20.01.2022 को सचिव, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग की अध्यक्षता में बैठक में भाग लिया ।

4.5 जनसंख्या के पोषण और स्वास्थ्य बायोमार्कट के व्यापक प्रतिचित्रण के संबंध में डा-राजीव कुमार, वीसी, नीति आयोग की अध्यक्षता में दिनांक 24.01.2022 को बैठक में भाग लिया ।

4.6 कर्नाटक सामाजिक पंजीकरण परियोजना कुटुम्ब के संबंध में श्री भास्कर खुलबे माननीय प्रधानमंत्री के सलाहकार, प्रधानमंत्री कार्यालय की अध्यक्षता में दिनांक 31.01.2022 को आयोजित बैठक में भाग लिया ।

*****